810

# बिहार सरकार
## पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग

सं0सं0—पि0व0 / 7 / आ0क0वि0प्र0 एवं संधा0—39—58 / 2023—800 पटना, दिनांक— 29/06/2024

### कार्यालय आदेश

बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित द्वितीय चरण (TRE-2) के विद्यालय अध्यापक भर्ती प्रतियोगिता परीक्षा (विज्ञापन संख्या 27 / 2023) के घोषित पूरक परीक्षाफल के आधार पर प्रारंभिक शिक्षक (प्रशिक्षित) (कक्षा—6 से 8) के पद पर नियुक्ति हेतु अनुशंसित अभ्यर्थियों के द्वारा Counselling में प्रस्तुत किये गये शैक्षणिक / प्रशैक्षणिक प्रमाण—पत्र / जाति प्रमाण पत्र एवं अन्य संगत प्रमाण पत्र में कतिपय त्रुटि / अपूर्ण रहने एवं शैक्षणिक / प्रशैक्षणिक योग्यता अस्पष्ट तथा Over age के कारण कतिपय अभ्यर्थियों का औपबंधिक नियुक्ति पत्र लंबित रखा गया था।

2— बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित द्वितीय चरण (TRE-2) के विद्यालय अध्यापक भर्ती प्रतियोगिता परीक्षा के विज्ञापन संख्या 27 / 2023 में निहित शर्तों एवं शिक्षा विभाग से प्राप्त परामर्श के आलोक में अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत किये गये शैक्षणिक / प्रशैक्षणिक प्रमाण—पत्र / जाति प्रमाण पत्र एवं अन्य संगत प्रमाण पत्रों / अभिलेखों को प्रारंभिक जाँचोपरान्त प्रथम दृष्टया सही मानकर 05 अभ्यर्थियों को औपबंधिक रूप से प्रारंभिक शिक्षक (प्रशिक्षित) (कक्षा—6 से 8) के पद पर नियुक्त किया गया है। औपबंधिक रूप से नियुक्त निम्नांकित प्रारंभिक शिक्षक (प्रशिक्षित) (कक्षा—6 से 8) को तालिका के स्तम्भ—8 में अंकित विद्यालय में पदस्थापित किया जाता है :—

| क्र0 सं0 | मेधा क्रमांक | अभ्यर्थी का नाम | पिता का नाम | गृह जिला | नियुक्त आदेश सं0 / दिनांक | विषय | पदस्थापन विद्यालय का नाम | विद्यालय जहाँ संचालित है |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 526 | दीपक कुमार | स्व0 शिवनाथ चौधरी | पटना | 794 / 29.06.2024 | गणित एवं विज्ञान | अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय, किशनगंज | अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय, पूर्णियाँ |
| 2 | 475 | सुदीप श्रीवास्तव | लाल बाबू श्रीवास्तव | गोरखपुर (उत्तर प्रदेश) | 795 / 29.06.2024 | सामाजिक विज्ञान | अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय, बाँका | अस्थायी परिसर— अनुसूचित जाति बालिका आवासीय उच्च विद्यलाय धोरैया, बाँका |
| 3 | 4169 | बीजगुप्त | विक्रमा राम | पटना | 796 / 29.06.2024 | सामाजिक विज्ञान | अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय, अररिया | अस्थायी परिसर— अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय, पूर्णियाँ |
| 4 | 5933 | श्वेता कुमारी | कृष्णा प्र0 गुप्ता | वैशाली | 798 / 29.06.2024 | सामाजिक विज्ञान | अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय, नालन्दा | अस्थायी परिसर— अनुसूचित जाति बालिका आवासीय +2 उच्च विद्यालय, छबीलापुर रोड, राजगीर, नालन्दा |
| 5 | 2953 | श्याम कुमार | यमुना मंडल | दरभंगा | 799 / 29.06.2024 | भाषा | अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय, प0 चम्पारण | अस्थायी परिसर— अनुसूचित जनजाति उच्च विद्यालय, कदमवहाँ, बगहा—2 प0 चम्पारण |

3—औपबंधिक रूप से नियुक्त प्रारंभिक शिक्षक (प्रशिक्षित) (कक्षा—6 से 8) पदस्थापित विद्यालय (स्तम्भ—8 में अंकित) के प्रशासनिक नियंत्रण वाले जिला के जिला पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण पदाधिकारी के कार्यालय में योगदान करेंगे। योगदान के समय सभी कागजात यथा औपबंधिक नियुक्ति पत्र, दहेज नहीं लेने / देने से संबंधित शपथ पत्र, असैनिक शल्य चिकित्सक—सह—मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा

809

निर्गत स्वास्थ्य प्रमाण पत्र एवं अनुमंडल पदाधिकारी/कार्यपालक दण्डाधिकारी द्वारा निर्गत शपथ पत्र मूल रूप में समर्पित करेंगे।

4–सभी औपबंधिक रूप से नियुक्त प्रारंभिक शिक्षक (प्रशिक्षित) (कक्षा–6 से 8) का वेतनादि का भुगतान जिला पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण पदाधिकारी के कार्यालय में योगदान की तिथि से देय होगा।

5–यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

6–प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

29/6/24
(पूनम कुमारी)
उप निदेशक।

ज्ञापांक– पि0व0/7/आ0क0वि0प्र0 एवं संधा0–39–58/2023–800 पटना, दिनांक– 29/06/2024

प्रतिलिपिः– जिला पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण पदाधिकारी, किशनगंज, पूर्णियाँ, बाँका, अररिया, नालन्दा एवं प0 चम्पारण को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेश दिया जाता है कि सभी औपबंधिक रूप से नियुक्त प्रारंभिक शिक्षक (प्रशिक्षित) (कक्षा–6 से 8) को योगदान की तिथि से पदस्थापित अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय में शैक्षणिक कार्य करने हेतु निदेशित करेंगे तथा इनका एन0पी0एस0 लेखा (PRAN NO.) निर्धारित समय सीमा के अन्दर बनाया जाना सुनिश्चित करेंगे।

29/6/24
उप निदेशक।

ज्ञापांक– पि0व0/7/आ0क0वि0प्र0 एवं संधा0–39–58/2023–800 पटना, दिनांक– 29/06/2024

प्रतिलिपिः–

1. माननीय मंत्री के आप्त सचिव/सचिव के आप्त सचिव/आई0टी0 मैनेजर, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित।
2. संबधित उप निदेशक, पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
3. संबंधित जिला पदाधिकारी/संबंधित उप विकास आयुक्त/संबंधित कोषागार पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
4. संबंधित प्रधानाध्यापक/प्रभारी प्रधानाध्यापक, अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
5. सभी नव नियुक्त प्रारंभिक शिक्षक (प्रशिक्षित) (कक्षा–6 से 8) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

29/6/24
उप निदेशक।